Bareilly, Wednesday, 5 July 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

एसआरएमएस का 22वां स्थापना दिवस मनाया

जासं, बरेली : एसआरएमएस मेडिकल कालेज ने मंगलवार को अपना 22वां स्थापना दिवस मनाया। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने बेहतर काम करने वाले चिकित्सकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि चार जुलाई वर्ष 2002 में 50 लोगों की ओपीडी से अस्पताल को शुरू किया था।

अब 2,200 से ज्यादा मरीज देखे जा रहे हैं। इस पर मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने संस्थान में सेवारत चिकित्सक और अन्य स्टाफ सहित सभी को 22वें स्थापना दिवस पर बधाई दी। उन्होंने सेवा, सफाई, सुरक्षा और सहयोग का मंत्र देते हुए मरीजों और तीमारदारों के प्रति मधुर और सरल व्यवहार का आह्वान किया। कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में वह देश के टाप 10 मेडिकल कालेजों में स्थान बनाएंगे। इस मौके पर कालेज के प्रिंसिपल एयरमार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी सिंह, डा. सुरभि चंद्रा, ट्रस्टी आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, ऋचा मूर्ति, अंबिका मूर्ति आदि मौजूद रहे।

एसआरएमएस में देव मूर्ति को केक खिलाते छात्र-छात्राएं • सौजन्य से स्वयं

- बेहतर काम करने वाले चिकित्सकों को दिए प्रशंसा पत्र
- वर्ष 2002 में 50 लोगों की ओपीडी से शुरू किया था अस्पताल

पेज से संबंधित खबरें :https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_bareilly-city-news-hindi.html पर भी देखें।